# पाठ २ घर

## प्रश्न-अभ्यास

### बातचीत के लिए

**1. आपको अपने घर में सबसे अधिक क्या अच्छा लगता है और क्यों?**

**उत्तर**- मुझे घर में सबसे अधिक मम्मी अच्छी हैं क्योंकि वह मुझसे बहुत प्यार करती हैं।

**2. आपको कब-कब घर की याद आती है?**

**उत्तर**- जब भी मैं अपने घर से बाहर होता हूँ।

**3. घर को माँ की गोदी-सा क्यों कहा गया है?**

**उत्तर**- जैसे माँ की गोदी में साडी थकान दूर हो जाती हैं वैसे ही घर में पहुँचते ही सारी थकान दूर हो जाती  है।

**4. कोई ऐसी घटना सुनाइए जब पूरे परिवार ने साथ मिलकर घर का कोई काम किया हो।**

**उत्तर-** हमारा पूरा परिवार जब तीज-त्यौहार आता हैं तब साथ मिलकर घर की साफ सफ़ाई करते हैं।

### खोजें-जानें

**1. घर कविता अपने परिवार के किसी सदस्य को सुनाइए। घर या परिवार पर उनसे कोई अन्य कविता या कहानी सुनाने के लिए कहिए।**

**उत्तर-**

घर हमारा प्यारा हैं,

खुशियों का ठिकाना हैं।

दादा-दादी, चाचा-चाची

सबका लाड़-दुलार हैं।

मम्मी-पापा औ मेरे,

इस घर की वो जान हो।

घर हमें देता छत और अभिमान हैं।

**2. अपने परिवार के लोंगों से बात करके पता कीजिए और लिखिए।**

| **परिवार के लोग** | **आप किस नाम से बुलाते हैं?** |
|---|---|
| आपकी माँ की बहन<br>आपकी माँ के भाई<br>आपके पिताजी की बहन<br>आपके पिताजी के भाई | ______________<br>______________<br>______________<br>______________ |

**उत्तर-**

| **परिवार के लोग** | **आप किस नाम से बुलाते हैं?** |
|---|---|
| आपकी माँ की बहन<br>आपकी माँ के भाई<br>आपके पिताजी की बहन<br>आपके पिताजी के भाई | मौसी जी<br>मामा जी<br>बुआ जी<br>चाचा जी |

egyanarchive